दिनांक 17-12-2021 को जनता कॉलेज, बकेवर में “डेंगू का प्रकोप एवं बचाव” विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई।

दिनांक 17-12-2021 को जनता कॉलेज, बकेवर के प्राचार्य जी डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी जी के अध्यक्षता एवं निर्देशन में 'डेंगू का प्रकोप एवं बचाव ' विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें विभिन्न कक्षाओं के 14 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागियों ने अपने कला कौशल का प्रदर्शन करते हुए विषय वस्तु को पोस्टर पर उकेरा तथा रंगों से सजाया ।प्रतियोगिता के अंत में निर्णायक मंडल के सम्मानित सदस्यों डॉ ए के पांडे ,डॉ मनोज कुमार यादव, डॉ ज्योति भदौरिया एवं डॉ नवीन अवस्थी के द्वारा पोस्टरों का निरीक्षण एवं मूल्यांकन किया गया ।प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कीर्ति एमएससी कृषि द्वितीय वर्ष , द्वितीय स्थान पर जानवी चौहान एमएससी द्वितीय वर्ष जंतु विज्ञान एवं वर्षा तिवारी एमएससी द्वितीय वर्ष जंतु विज्ञान तृतीय स्थान पर रहे। प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के मुख्य संयोजक डॉ डीजे मिश्रा ने प्रतिभागियों को आशीर्वचन दिए एवं उनका उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता कार्यक्रम प्रभारी डॉ ललित गुप्ता एवं समिति के सदस्य डॉ धर्मेंद्र कुमार भौतिकी एवं प्रोफेसर सत्यार्थ प्रकाश मौर्य की उपस्थिति में संपन्न हुई।

पोस्टर प्रतियोगिता में कीर्ति ने पाया पहला स्थान

जनता कॉलेज बकेवर में डेंगू विषय पर हुई प्रतियोगिता

डेंगू का प्रकोप एवं बचाव विषय पोस्टर दिखाती छात्राएं। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

बकेवर। जनता कॉलेज बकेवर में डेंगू का प्रकोप एवं बचाव विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

छात्र-छात्राओं ने पोस्टर पर विभिन्न प्रकार की आकृतियां बनाकर डेंगू के प्रकोप व बचाव के प्रति जागरूक किया। निर्णायक मंडल के सदस्य उद्यान विभागाध्यक्ष डॉ. एके पांडेय, डॉ. ज्योति भदौरिया, डॉ. मनोज एवं डॉ. नवीन अवस्थी ने पोस्टरों का निरीक्षण कर मूल्यांकन किया। प्रथम स्थान एमएससी कृषि फाइनल की छात्रा कीर्ति, द्वितीय स्थान जंतु विज्ञान एमएससी फाइनल की छात्रा जानवी चौहान और तीसरा स्थान एमएससी जंतु विज्ञान फाइनल की छात्रा वर्षा तिवारी को मिला। यहां प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी, डॉ. डीजे मिश्रा, डॉ. ललित गुप्ता, डॉ. धर्मेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

डेंगू को लेकर पोस्टर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी

बकेवर, लखना। शुक्रवार को जनता कॉलेज, बकेवर में 'डेंगू का प्रकोप एवं बचाव' विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें विभिन्न कक्षाओं के छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागियों ने अपने कला कौशल का प्रदर्शन करते हुए विषय वस्तु को पोस्टर पर उकेरा तथा रंगों से सजाया। जनता कॉलेज बकेवर में प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी की अध्यक्षता व निर्देशन में डेंगू बुखार के प्रकोप व बचाव को लेकर एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतिभागी छात्र छात्राओं ने इसको लेकर पोस्टर पर विभिन्न प्रकार की आकृतियों के माध्यम से प्रकोप व बचाव के प्रति जागरूकता प्रदर्शित की। प्रतियोगिता के अंत में निर्णायक मंडल के डॉ ज्योति भदौरिया, डॉ मनोज एवं डॉ नवीन अवस्थी के द्वारा पोस्टरों का निरीक्षण एवं मूल्यांकन किया गया। जिसमें प्रतियोगिता में प्रथम स्थान एमसीसी कृषि फाइनल की छात्रा कीर्ति, द्वितीय स्थान पर जंतु विज्ञान एमएससी फाइनल की छात्रा जानवी चौहान, व एमएससी जंतु विज्ञान फाइनल की ही छात्रा वर्षा तिवारी तृतीय स्थान पर रहे।